पॉलिथीन पैक हटाने के बाद पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**After removing the Polythene Pack, without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**Q.B. Sr. No.**

# ASP

परीक्षा का वर्ष : **2025**

प्रश्न-पुस्तिका

प्रश्न-पुस्तिका शृंखला

**A**

अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें

शब्दों में

## सामान्य ज्ञान एवं अधिनियम और विधियाँ
## General Knowledge & Act and Laws

समय : **03:00** घंटे | **Time : 03:00 Hours**

पूर्णांक : **200** | **Maximum Marks : 200**

प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक त्रुटि हो तो प्रश्न के अंग्रेजी तथा हिन्दी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर को मानक माना जायेगा ।**
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
4. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Answer Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
5. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी ।**
6. इस प्रश्न-पुस्तिका में **200** प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार) हैं, जिसमें **खण्ड-1** (सामान्य ज्ञान) में **50** प्रश्न एवं **खण्ड-2** (अधिनियम और विधियाँ) में **150** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से जिसको आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) **(OMR Answer Sheet)** में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
7. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
8. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति **(Objective Type)** की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** अंक दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
9. आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक **(OMR Answer Sheet)** पर ही दिया जाना अनिवार्य है । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
10. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
11. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़ें । अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
12. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
14. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरियल क्रमांक का मिलान अवश्य कर लें, यदि ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरियल क्रमांक भिन्न-भिन्न हों, तो उसे तुरन्त अन्तरीक्षक (Invigilator) से परिवर्तित कराकर समान क्रमांक की ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक एवं प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका पॉलीपैक्ड न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

## PART-1
## (General Knowledge)

**1.** In the context of Neutrality, which of the following statements is/are correct ?
1. Neutrality is commonly adopted to ensure national security.
2. Neutrality is often declared during war time.

(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**2.** Which one of the following may be sometimes said as a holder of perpetual neutrality in International Law ?

(a) Neutral State (b) Neutralised State (c) Impartial State (d) Honest State

**3.** Which of the following is not included under key aspects of neutrality in International Law ?

(a) Territorial Integrity (b) Abstention
(c) Impartiality (d) Interference

**4.** What was the status of war under legal norms in traditional International Law before World War-I ?

(a) War was strictly illegal under International Law.
(b) War was a political act, neither legal nor illegal.
(c) War required UN approval.
(d) War automatically obligated all states to join.

**5.** Which one of the following writs is issued by courts to a person directing him to perform his public duty ?

(a) Habeas Corpus (b) Certiorari (c) Quo-Warranto (d) Mandamus

**6.** Who defines jurisprudence as "the knowledge of things divine and human, the science of just and unjust" ?

(a) J. Bentham (b) J. Austin (c) Ulpian (d) Julius Stone

**7.** Which of the following is referred as 'Magna Carta' of Environment Law ?

(a) Rio-de-Janeiro Conference (b) Johannesburg Summit
(c) Stockholm Declaration (d) Convention on climate change

**8.** The concept of 'Doctrine of Bias' is primarily related to which principle ?

(a) Doctrine of proportionality (b) Hear the other's side also
(c) No one can be judge in his own case (d) Doctrine of pleasure

**9.** In the context of the POCSO Act, 2012 (Protection of Children from Sexual Offences Act, 2012), which of the following statements is/are correct ?
1. This Act is to protect children from sexual harassment and Pornography.
2. This Act is a gender-neutral law.

(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**10.** The case of *'All India Judges Association and Others* v. *Union of India',* the Judgement delivered by the Supreme Court of India in the month of May, 2025, relates to :

(a) Regularisation of Court Managers
(b) Salary of Judges
(c) Mandatory three years' legal practice for eligibility to appear for judicial examination [Civil Judge (J.D.)]
(d) None of the above

**11.** Which amongst the following is/are the duty/duties of Neutral States under International Law ?

(a) Abstention (b) Prevention (c) Acquiescence (d) All of the above

## खण्ड-1

## (सामान्य ज्ञान)

**1.** तटस्थता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आमतौर पर तटस्थता अपनायी जाती है ।
2. तटस्थता की घोषणा अकसर युद्ध के समय की जाती है ।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**2.** निम्न में से किस एक को कभी–कभी अन्तर्राष्ट्रीय विधि में शाश्वत तटस्थता का धारक कहा जाता है ?

(a) तटस्थ राज्य (b) तटस्थीकृत राज्य (c) निष्पक्ष राज्य (d) नेक राज्य

**3.** निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय विधि में तटस्थता के प्रमुख पहलुओं के अन्तर्गत शामिल नहीं है ?

(a) क्षेत्रीय अखंडता (b) प्रविरति (c) निष्पक्षता (d) हस्तक्षेप

**4.** प्रथम विश्व-युद्ध से पहले पारंपरिक अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अनुसार युद्ध का क्या कानूनी मापदंड था ?

(a) युद्ध अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत सर्वथा अवैध था ।
(b) युद्ध एक राजनैतिक कृत्य था, ना वैध ना अवैध ।
(c) युद्ध के लिए यू.एन. की अनुमति जरूरी थी ।
(d) युद्ध के लिए सभी देशों को शामिल होना अनिवार्य था ।

**5.** निम्नलिखित में से कौन सी रिट न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति को उसके लोक कर्तव्य का पालन करने का निर्देश देते हुए जारी की जाती है ?

(a) बंदी प्रत्यक्षीकरण (b) उत्प्रेषण (c) अधिकार–पृच्छा (d) परमादेश

**6.** किसने विधिशास्त्र को "दैवीय और मानव चीजों का ज्ञान, न्याय और अन्याय के विज्ञान" के रूप में परिभाषित किया ?

(a) जे. बेन्थम (b) जे. ऑस्टिन (c) उल्पियन (d) जूलियस स्टोन

**7.** निम्नलिखित में से कौन सा पर्यावरण विधि में 'महाधिकार–पत्र' (मैग्ना कार्टा) के नाम से जाना जाता है ?

(a) रियो-डी-जनेरो सम्मेलन (b) जोहान्सबर्ग शिखर वार्ता
(c) स्टॉकहोम घोषणापत्र (d) जलवायु परिवर्तन पर अभिसमय

**8.** 'पूर्वाग्रह के सिद्धान्त' की अवधारणा मुख्य रूप से किस सिद्धान्त से संबंधित है ?

(a) आनुपातिकता का सिद्धान्त
(b) दूसरे पक्ष को भी सुनिये
(c) कोई भी व्यक्ति अपने मामले में निर्णयकर्ता नहीं हो सकता
(d) प्रसाद पर्यंत का सिद्धान्त

**9.** पाक्सो अधिनियम, 2012 (यौन अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह अधिनियम बालकों को यौन उत्पीड़न और पॉर्नोग्राफी से बचाने के लिए है ।
2. यह अधिनियम लिंग तटस्थ कानून है ।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**10.** 'ऑल इण्डिया जजेस एसोसिएशन एंड अदर्स बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया' का वाद निर्णय जो मई, 2025 में भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया, सम्बन्धित है :

(a) न्यायालय प्रबंधकों के नियमितीकरण
(b) न्यायाधीशों के वेतनमान
(c) ज्यूडिशियल परीक्षा [सिविल जज (जू.डि.)] में सम्मिलित होने की पात्रता के लिए तीन साल की कानूनी प्रैक्टिस की अनिवार्यता
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** अन्तर्राष्ट्रीय विधि में निम्न में से कौन सा/से तटस्थ राज्यों का/के कर्तव्य है/हैं ?

(a) प्रविरत रहना (b) निवारण (c) मौन सहमति (d) उपर्युक्त सभी

12. In which case the Supreme Court of India has observed that Public Trust Doctrine is protected under 'Article 21' of the Indian Constitution ?
(a) M.C. Mehta v. Kamal Nath
(b) M.I. Builders v. Radhey Shyam
(c) Union Carbide Corporation v. Union of India
(d) Vellore citizen welfare forum v. Union of India

13. **Assertion (A) :** Article 44 of the Indian Constitution urges the state to secure a Uniform Civil Code throughout the territory of India.
**Reason (R) :** The Uniform Civil Code aims to replace personal laws based on scriptures and customs of each major religious community in India with a uniform law governing every citizen.
(a) Both (A) and (R) are true, and (R) is correct explanation of (A).
(b) Both (A) and (R) are true, but (R) is not correct explanation of (A).
(c) (A) is true, but (R) is false.
(d) (A) is false, but (R) is true.

14. The case of *Balaji Raghvan* v. *Union of India* AIR1996SC is related to which Article of the Indian Constitution ?
(a) Article 17 (b) Article 18(1) (c) Article 19 (d) Article 25

15. The remedy of 'Curative Petition' was used by supreme court in which case ?
(a) M. Ismail v. Union of India (b) Babu Singh v. Union of India
(c) Roopa Ashok Hurra v. Ashok Hurra (d) Lilly Thomas v. Union of India

16. Under which of the following Constitutional Amendment, Part-IX and 11$^{th}$ Schedule were added to the Indian Constitution ?
(a) Constitution (Forty-Eighth Amendment) Act, 1976
(b) Constitution (Fifty-First Amendment) Act, 1978
(c) Constitution (Seventy-First Amendment) Act, 1986
(d) Constitution (Seventy-Third Amendment) Act, 1992

17. Under which Article of the Indian Constitution, it is stated that the quorum to constitute a meeting of a house of legislature of a state shall be ten members or one-tenth of the total number of members of the house, whichever is greater ?
(a) Article 187 (b) Article 188 (c) Article 189 (d) Article 198

18. Consider the following statements regarding Rajya Sabha :
1. Rajya Sabha is called as Permanent house.
2. Rajya Sabha can be dissolved.
Which of the statements given above is/are correct ?
(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

19. The concept of the 'Concurrent List' included in the Indian Constitution, was adopted from which country ?
(a) Constitution of America (b) Constitution of Canada
(c) Constitution of Ireland (d) Constitution of Australia

20. Which one of the following Judge was not part of the bench decided *'Keshwanand Bharti* v. *State of Kerala'* ?
(a) Justice P.J. Reddy (b) Justice D.G. Palekar
(c) Justice S.N. Dwivedi (d) Justice P.N. Bhagwati

**12.** किस मामले में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि लोक न्यास सिद्धान्त भारतीय संविधान के 'अनुच्छेद 21' के तहत संरक्षित है ?

(a) एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ
(b) एम.आई. बिल्डर्स बनाम राधेश्याम
(c) यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन बनाम भारत संघ
(d) वल्लोर सिटिजन वेलफेयर फोरम बनाम भारत संघ

**13.** **कथन (A) :** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 44 राज्य से भारत के समस्त राज्य क्षेत्रों में एकसमान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का आग्रह करता है ।

**कारण (R) :** समान नागरिक संहिता का उद्देश्य प्रत्येक मुख्य धार्मिक समुदाय के शास्त्रों और रीति-रिवाजों पर आधारित व्यक्तिगत कानूनों को एकसमान कानून में बदलना है जो हर नागरिक पर लागू होगा ।

(a) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं, और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।
(b) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।
(c) (A) सत्य है, परन्तु (R) गलत है ।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**14.** 'बालाजी राघवन बनाम भारत संघ ए.आई.आर. 1996 एस.सी.' का वाद भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से सम्बन्धित है ?

(a) अनुच्छेद 17
(b) अनुच्छेद 18(1)
(c) अनुच्छेद 19
(d) अनुच्छेद 25

**15.** 'अनुतोष याचिका' का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किस वाद में प्रयोग किया गया ?

(a) एम. इस्माइल बनाम भारत संघ
(b) बाबू सिंह बनाम भारत संघ
(c) रूपा अशोक हुरा बनाम अशोक हुरा
(d) लिली थॉमस बनाम भारत संघ

**16.** निम्नलिखित में से किस संविधान संशोधन के अन्तर्गत भारतीय संविधान में भाग-9 व 11वीं अनुसूची जोड़े गए ?

(a) संविधान (अड़तालीसवाँ संशोधन) अधिनियम, 1976
(b) संविधान (इक्यावनवाँ संशोधन) अधिनियम, 1978
(c) संविधान (इकहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1986
(d) संविधान (तिहत्तरवाँ संशोधन) अधिनियम, 1992

**17.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह उपबन्धित है कि राज्य के विधानमण्डल के किसी सदन का अधिवेशन गठित करने के लिए गणपूर्ति दस सदस्य या सदन के सदस्यों की कुल संख्या का दसवाँ भाग, इसमें से जो भी अधिक हो, होगी ?

(a) अनुच्छेद 187
(b) अनुच्छेद 188
(c) अनुच्छेद 189
(d) अनुच्छेद 198

**18.** राज्यसभा के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्यसभा को स्थायी सदन कहते हैं ।
2. राज्यसभा को विघटित किया जा सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

**19.** भारत के संविधान में सम्मिलित 'समवर्ती सूची' की अवधारणा किस देश से अपनाई गई ?

(a) अमेरिका के संविधान से
(b) कनाडा के संविधान से
(c) आयरलैंड के संविधान से
(d) ऑस्ट्रेलिया के संविधान से

**20.** निम्नलिखित में से कौन सा न्यायाधीश 'केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य' के मामले को निर्णीत करने के लिए पीठ का भाग नहीं था ?

(a) जस्टिस पी.जे. रेड्डी
(b) जस्टिस डी.जी. पालेकर
(c) जस्टिस एस.एन. द्विवेदी
(d) जस्टिस पी.एन. भगवती

**21.** Which Section of the Right to Information Act, 2005 provides for the Removal of Chief Information Commissioner ?

(a) Section 12 (b) Section 13 (c) Section 14 (d) Section 15

**22.** Which of the following statements is/are correct in context of India Justice Report – 2025 ?

1. It was first published in the year 2022.
2. This Report evaluates the capacity of Police, Judiciary, Prisons and legal aid.

(a) Only 1 (b) Only 2 (c) Both 1 and 2 (d) Neither 1 nor 2

**23.** Which Article of the Indian Constitution primarily empowers the state to make special provisions for persons with disabilities ?

(a) Article 41 (b) Article 43 (c) Article 14 (d) Article 15(3)

**24.** Which of the new mode of punishment has been incorporated by Indian Parliament in the year 2023 ?

(a) Forfeiture of Property (b) Admonition
(c) Probation (d) Community Service

**25.** Who is the author of the book 'The theory of legislation' ?

(a) Julius Stone (b) Jeremy Bentham
(c) John Rawls (d) H.L.A. Hart

**26.** Which authority is empowered to oversee data protection compliance under the Digital Personal Data Protection Act, 2023 ?

(a) Supreme Court of India (b) Telecom Regulatory Authority
(c) Data Protection Board of India (d) Ministry of Information Technology

**27.** The Competition (Amendment) Act, 2023 is influenced by which international organisation's principles ?

(a) UNESCO (b) OECD (c) WTO (d) IMF

**28.** 'Privacy attaches to the person since it is an essential part of the dignity of human existence and happiness derives from the right to decide for oneself and dignity, which are both essential attributes of Privacy. Whose observations are these ?

(a) Justice Vikram Nath (b) Justice B.V. Nagratna
(c) Justice D.Y. Chandrachud (d) Justice S. Ravindra Bhat

**29.** In which of the following case it was held by the Supreme Court of India that the National Green Tribunal has suo moto powers to take action under the National Green Tribunal Act, 2010 ?

(a) Rajeev Hitendra Pathak v. Achyut Kashinath
(b) Trauscore v. Union of India
(c) Municipal Corporation of Bombay v. Ankita Sinha
(d) M.C. Mehta v. Union of India

**30.** In which of the following case, the supreme court observed that women officers are also having the right to a permanent commission officer in Indian Army ?

(a) Union of India v. Babita Puniya
(b) Union of India v. Saroj Kumari
(c) The Secretary, Ministry of Defence v. Babita Puniya
(d) The Secretary, Ministry of Defence v. Saroj Kumari

**21.** सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की कौन सी धारा मुख्य सूचना आयुक्त को पद से हटाने सम्बन्धी प्रावधान करती है ?

(a) धारा 12 (b) धारा 13 (c) धारा 14 (d) धारा 15

**22.** इण्डिया जस्टिस रिपोर्ट – 2025 के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/कौन से कथन सही है/हैं ?

1. यह पहली बार वर्ष 2022 में प्रकाशित हुई थी ।
2. यह रिपोर्ट पुलिस, न्यायपालिका, जेल और कानूनी सहायता की क्षमता का मूल्यांकन करती है ।

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**23.** भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद राज्य को मुख्य रूप से निःशक्त व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है ?

(a) अनुच्छेद 41 (b) अनुच्छेद 43 (c) अनुच्छेद 14 (d) अनुच्छेद 15(3)

**24.** भारतीय संसद द्वारा वर्ष 2023 में कौन सा दण्ड का नूतन प्रकार सम्मिलित किया गया है ?

(a) सम्पत्ति की जब्ती (b) चेतावनी (c) परिवीक्षा (d) सामाजिक सेवा

**25.** 'द थ्योरी ऑफ लेजिस्लेशन' पुस्तक के रचयिता कौन हैं ?

(a) जूलियस स्टोन (b) जेरेमी बेंथम (c) जॉन राल्स (d) एच.एल.ए. हार्ट

**26.** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा अधिनियम, 2023 के अन्तर्गत डेटा संरक्षण का अनुपालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किस संस्था की है ?

(a) भारत का उच्चतम न्यायालय (b) दूरसंचार नियामक प्राधिकरण
(c) भारत का डेटा संरक्षण बोर्ड (d) सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**27.** प्रतियोगिता (संशोधन) अधिनियम, 2023 किस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के सिद्धांतों से प्रभावित है ?

(a) यूनेस्को (b) ओ.ई.सी.डी. (c) डब्ल्यू.टी.ओ. (d) आई.एम.एफ.

**28.** 'गोपनीयता व्यक्ति से जुड़ी होती है क्योंकि यह मानवीय अस्तित्व की गरिमा का एक अनिवार्य भाग है और सुख उस अधिकार से उत्पन्न होता है जिससे व्यक्ति स्वयं के लिए निर्णय ले सकता है । गरिमा और आत्म निर्णय – ये दोनों गोपनीयता के मूलभूत गुण हैं ।' यह किसका अवलोकन है ?

(a) जस्टिस विक्रम नाथ (b) जस्टिस बी.वी. नागरत्ना
(c) जस्टिस डी.वाई. चन्द्रचूड़ (d) जस्टिस एस. रवींद्र भट

**29.** निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय ने यह अवधारित किया कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण को राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के अन्तर्गत स्वतः संज्ञान (Suo moto) लेने की शक्ति है ?

(a) राजीव हितेन्द्र पाठक बनाम अच्युत काशीनाथ
(b) ट्रॉसकोर बनाम भारत सरकार
(c) म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ बॉम्बे बनाम अंकिता सिन्हा
(d) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ

**30.** निम्नलिखित में से किस मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह प्रेक्षण किया कि महिला अधिकारियों को भी भारतीय सेना में स्थायी कमीशन का अधिकार है ?

(a) भारत संघ बनाम बबीता पुनिया
(b) भारत संघ बनाम सरोज कुमारी
(c) सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स बनाम बबीता पुनिया
(d) सेक्रेटरी, मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स बनाम सरोज कुमारी

**31.** Succession of Government is based on :
(a) Principle of perpetuity
(b) Principle of change
(c) Principle of continuity
(d) Theory of succession

**32.** What did the International Court of Justice order in Ukrain v. Russia Case (2022) ?
(a) Russia to immediately suspend its military operations in Ukrain
(b) Ukrain to compensate Russia
(c) Dismissal of Case
(d) Formation of Tribunal

**33.** To which of the following "Stimson Doctrine" is related to ?
(a) Recognition (b) Non-Recognition (c) Intervention (d) Extradition

**34.** Which boundary dispute was resolved in '*Somalia* v. *Kenya* (2021)' by International Court of Justice ?
(a) Land Border (b) River Access (c) Maritime Boundary (d) Air space

**35.** Preventing wars through collective security and disarmament and settling international dispute through negotiation and arbitration was the goal of :
(a) League of Nations
(b) United Nation Organisation
(c) World Bank
(d) World Trade Organisation

**36.** Which of the following is not correctly matched ?
(a) SEATO – South East Asian Treaty Organisation
(b) CENTO – Central Treaty Organisation
(c) NATO – North America Treaty Organisation
(d) NAM – Non-Aligned Movement

**37.** What did the International Court of Justice rule in the *D.R. Congo* v. *Uganda Case* (2022) regarding reparation ?
(a) Non compensation
(b) $ 325 million compensation
(c) $ 1 billion penalty
(d) No violation found

**38.** Which statements is/are correct ?
1. League of Nations was constituted after World War I.
2. United Nations was constituted after World War II.
3. The purpose of UN is to develop friendly relation among nations.
4. UN aims at maintaining international peace and security.

(a) All statements are incorrect.
(b) All statements are correct.
(c) Only 2 and 4 are correct.
(d) Only 4 is correct.

**39.** Consider the following pairs :

| Sr. No. | Article (UN Charter) | Provisions |
|---|---|---|
| 1. | Article (24-26) | Powers & functions of security council |
| 2. | Article (21-22) | Power and functions of General Assembly |
| 3. | Article (62-66) | Powers & functions of ECOSOC |

Which of the following pairs is/are correctly matched ?
(a) Only 1 (b) Only 1 and 2 (c) Only 1 and 3 (d) Only 2 and 3

**40.** Expulsion from membership of United Nations may be made by general assembly on which of the following grounds ?
(a) Persistent violation of Principles of UN Charter
(b) Preventive action of state
(c) Enforcement action of state
(d) All of the above

**31.** सरकार के उत्तराधिकार का आधार है :
(a) शाश्वतता का सिद्धान्त
(b) परिवर्तन का सिद्धान्त
(c) निरन्तरता का सिद्धान्त
(d) उत्तराधिकार का सिद्धान्त

**32.** यूक्रेन बनाम रूस (2022) के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने क्या आदेश दिया ?
(a) रूस को यूक्रेन में सैन्य अभियान तुरन्त निलम्बित करे ।
(b) यूक्रेन मुआवजा दे रूस को ।
(c) मामला निरस्त किया ।
(d) अधिकरण के निर्माण का आदेश दिया ।

**33.** निम्नलिखित में से "स्टिमसन सिद्धान्त" किससे सम्बन्धित है ?
(a) मान्यता
(b) अमान्यता
(c) हस्तक्षेप
(d) प्रत्यर्पण

**34.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा 'सोमालिया बनाम केन्या (2021)' के मामले में कौन सी सीमा का विवाद सुलझाया गया ?
(a) भूमि सीमा
(b) नदी की पहुँच
(c) समुद्री सीमा
(d) वायुक्षेत्र का अधिकार

**35.** सामूहिक सुरक्षा और निःशस्त्रीकरण से युद्ध रोकना और अन्तर्राष्ट्रीय विवादों को वार्ता और मध्यस्थता से निपटाना किसका लक्ष्य था ?
(a) राष्ट्र संघ
(b) संयुक्त राष्ट्र संघ
(c) विश्व बैंक
(d) विश्व व्यापार संगठन

**36.** निम्नलिखित में से कौन सा सही सुमेलित नहीं है ?
(a) SEATO – दक्षिण पूर्व एशियाई संधि संगठन
(b) CENTO – केन्द्रीय संधि संगठन
(c) NATO – उत्तरी अमेरिका संधि संगठन
(d) NAM – गुट-निरपेक्ष आन्दोलन

**37.** 2022 में 'डी.आर. कांगो बनाम युगांडा' के मामले में अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय ने मुआवजे के बारे में क्या निर्णय दिया है ?
(a) कोई मुआवजा नहीं
(b) $ 325 मिलियन का मुआवजा
(c) $ 1 बिलियन दंड
(d) कोई उल्लंघन नहीं पाया

**38.** कौन सा/से कथन सही है/हैं ?
1. राष्ट्र संघ का गठन प्रथम विश्व-युद्ध के बाद हुआ था ।
2. संयुक्त राष्ट्र का गठन द्वितीय विश्व-युद्ध के बाद हुआ था ।
3. संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य राष्ट्रों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध विकसित करना है ।
4. संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है ।
(a) सभी कथन गलत हैं ।
(b) सभी कथन सही हैं ।
(c) सिर्फ 2 और 4 सही हैं ।
(d) सिर्फ 4 सही है ।

**39.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

| क्र.सं. | अनुच्छेद (यू.एन. चार्टर) | प्रावधान |
|---|---|---|
| 1. | अनुच्छेद (24-26) | सुरक्षा परिषद के कर्तव्य व शक्तियाँ |
| 2. | अनुच्छेद (21-22) | महासभा के कर्तव्य व शक्तियाँ |
| 3. | अनुच्छेद (62-66) | आर्थिक और समाजिक परिषद (ECOSOC) के कार्य और शक्तियाँ |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

**40.** निम्न में से किस आधार पर महासभा किसी देश की संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता समाप्त कर सकती है ?
(a) यू.एन. चार्टर के सिद्धान्तों का लगातार उल्लंघन करने पर
(b) राज्य के रोकथाम क्रियाकलाप पर
(c) राज्य की प्रत्यावर्तन कार्यवाही पर
(d) उपर्युक्त सभी

**41.** Which of the following case is also known as the 'Dehradun Valley Litigation' Case ?
(a) Rural Litigation and Entitlement Kendra v. State of Uttar Pradesh & others
(b) Municipal Council Ratlam v. Shri Vardhichand
(c) M.C. Mehta v. Union of India
(d) M.C. Mehta v. Kamal Nath

**42.** Under the Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita, 2023, the court can grant Police Custody for a maximum period of :
(a) 15 days (b) 40 days (c) 60 days (d) 90 days

**43.** Under the Uniform Civil Code Rules Uttarakhand, 2025, which of the following categories are explicitly excluded from the applicability of the Rules ?
(a) Residents of Uttarakhand living abroad
(b) Person in live-in relationship with a foreign national
(c) Member of schedule tribe under Article 342 of the Constitution of India
(d) Christian couples under Holy union ceremony

**44.** In which case the Supreme Court held that "Posting a poem promoting sacrifice and non-violence does not attract offences under criminal laws and registration of FIR in such cases is abuse of law" ?
(a) Imran Pratapgadhi v. State of Gujarat (b) Lalita Kumari v. Govt. of U.P.
(c) D.K. Basu v. State of West Bengal (d) Joginder Kumar v. State of U.P.

**45.** Who was the first woman judge of the International Court of Justice ?
(a) Fathima Beevi (b) Neeru Chadha
(c) Dame Rosalyn Higgins (d) Julia Sebutinde

**46.** Which International Principle ensures that a country does not take side in conflicts ?
(a) Non-Alignment (b) Peaceful co-existence
(c) Neutrality (d) Sovereignty

**47.** Who authored the Book 'Legal Eagles' ?
(a) Soli Sorabjee (b) D.Y. Chandrachud
(c) Pratap Bhanu Mehta (d) Indu Bhan

**48.** Which country recently supported India's bid for permanent membership in the UN Security Council ?
(a) Bhutan (b) China (c) Pakistan (d) Nepal

**49.** Under the Indus Water Treaty, 1960, which body resolves disputes under treaty ?
(a) U.N. Tribunal (b) International Water Court
(c) Permanent Indus Commission (d) All of the above

**50.** *Association for Democratic Reforms* v. *Union of India* 2024 INSC 113 relates to :
(a) Strucking down of Electoral Bonds Scheme
(b) Automatic vacation of stay orders
(c) Right to Privacy as fundamental right
(d) Validity of sub-classification within reserved categories

**41.** नीचे दिये गये मामलों में से किस मामले को 'देहरादून वैली लिटिगेशन' के नाम से भी जाना जाता है ?
(a) ग्रामीण मुकदमेबाज़ी एवं अधिकार केन्द्र बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य
(b) म्युनिसिपल काउन्सिल रतलाम बनाम श्री वरदीचन्द
(c) एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ
(d) एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ

**42.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अन्तर्गत न्यायालय अधिकतम कितनी अवधि की पुलिस हिरासत दे सकती है ?
(a) 15 दिन (b) 40 दिन (c) 60 दिन (d) 90 दिन

**43.** समान नागरिक संहिता नियम उत्तराखण्ड, 2025 के अनुसार निम्न में से कौन सा वर्ग स्पष्ट रूप से इन नियमों की परिधि से बाहर रखा गया है ?
(a) उत्तराखण्ड का निवासी जो विदेश में रहता है ।
(b) विदेशी व्यक्ति के साथ लिव-इन में रहने वाला व्यक्ति ।
(c) भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अनुसूचित जनजाति का सदस्य
(d) ईसाई जोड़े जो कि पवित्र संबंध समारोह के अन्तर्गत हैं ।

**44.** सर्वोच्च न्यायालय ने किस वाद में यह अभिनिर्णीत किया कि "त्याग और अहिंसा को बढ़ावा देने वाली कविता पोस्ट करने पर आपराधिक कानूनों के तहत कोई अपराध नहीं बनता है तथा ऐसे मामलों में एफ.आई.आर. दर्ज करना कानून का दुरुपयोग है" ?
(a) इमरान प्रतापगढ़ी बनाम गुजरात राज्य
(b) ललीता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार
(c) डी.के. बासु बनाम पश्चिमी बंगाल राज्य
(d) जोगीन्द्र कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य

**45.** अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय में पहली महिला न्यायाधीश कौन थी ?
(a) फातिमा बीवी (b) नीरू चड्ढा (c) डेम रोसलिन हिगिंस (d) जूलिया सेबुटिंडे

**46.** कौन सा अन्तर्राष्ट्रीय सिद्धान्त सुनिश्चित करता है कि एक देश संघर्षों में कोई पक्ष नहीं लेता ?
(a) गुट-निरपेक्षता
(b) शान्तिपूर्ण सह-अस्तित्त्व
(c) तटस्थता
(d) सम्प्रभुता

**47.** 'लीगल ईगल्स' पुस्तक किसने लिखी ?
(a) सोली सोराबजी (b) डी.वाई. चन्द्रचूड़ (c) प्रताप भानु मेहता (d) इन्दू भान

**48.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में स्थायी सदस्यता के लिए भारत के दावे का हाल ही में किस देश ने समर्थन किया ?
(a) भूटान (b) चीन (c) पाकिस्तान (d) नेपाल

**49.** सिंधु जल संधि, 1960 के अन्तर्गत कौन सी संस्था विवादों का निपटारा करती है ?
(a) यू.एन. अधिकरण
(b) अन्तर्राष्ट्रीय जल न्यायालय
(c) स्थायी सिन्धु आयोग
(d) उपरोक्त सभी

**50.** 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स बनाम भारत संघ 2024 आई.एन.एस.सी. 113' किससे संबंधित है ?
(a) चुनावी बॉण्ड योजना की रद्दता
(b) स्थगन आदेशों का स्वतः निरस्तीकरण
(c) निजता का अधिकार मौलिक अधिकार
(d) आरक्षित श्रेणियों के भीतर उप-वर्गीकरण की वैधता

## PART-2
## (Act & Laws)

**51.** Which section of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 is related to the maintenance of wife, children and parents ?
(a) Section 137 (b) Section 125 (c) Section 144 (d) Section 148

**52.** How many sections and chapters are contained in the Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 ?
(a) Sections 531 and 39 chapters (b) Sections 511 and 35 chapters
(c) Sections 500 and 30 chapters (d) Sections 484 and 28 chapters

**53.** Which section of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 is related to compounding of offences ?
(a) Section 320 (b) Section 350 (c) Section 360 (d) Section 359

**54.** Which one of the following section of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 is related to "Powers of Appellate Court" ?
(a) Section 384 (b) Section 386 (c) Section 390 (d) Section 427

**55.** Under which section of BNSS, 2023 there is provision of identification of person arrested ?
(a) Section 50 (b) Section 51 (c) Section 54 (d) Section 55

**56.** Under Section 129 of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023, which authority can ask for security for good behaviour from habitual offenders ?
(a) Judicial Magistrate-I Class (b) Chief Judicial Magistrate
(c) Executive Magistrate (d) District Magistrate

**57.** Under which section of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023, there is provision for legal aid to accused at state expenses in certain cases ?
(a) Section 340 (b) Section 341 (c) Section 342 (d) Section 343

**58.** Which chapter of Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 deals with summary trial ?
(a) Chapter 20 (b) Chapter 21 (c) Chapter 22 (d) Chapter 23

**59.** No person shall be entitled to claim maintenance under Chapter III of the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 if he or she :
(a) has committed an offence
(b) has settled in a foreign country
(c) has ceased to be a Hindu by conversion to another religion
(d) has been terminated from employment

**60.** Which of the following is entitled to enforce partition of the coparcenary property under Dayabhaga Law ?
(a) Every Coparcener, Adult or Minor
(b) Every Coparcener, Male or Female
(c) Every Adult Coparcener, Male or Female
(d) Every Male Adult Coparcener

**61.** Which chapter of the Bharatiya Nagrik Suraksha Sanhita, 2023 deals with "Plea Bargaining"
(a) Chapter 20 (b) Chapter 21 (c) Chapter 22 (d) Chapter 23

## खण्ड-2
## (अधिनियम और विधियाँ)

**51.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की कौन सी धारा पत्नी, संतानों और माता-पिता के भरण-पोषण से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 137 (b) धारा 125 (c) धारा 144 (d) धारा 148

**52.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 में कुल कितनी धाराएँ एवं अध्याय हैं ?
(a) धाराएँ 531 एवं अध्याय 39 (b) धाराएँ 511 एवं अध्याय 35
(c) धाराएँ 500 एवं अध्याय 30 (d) धाराएँ 484 एवं अध्याय 28

**53.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की कौन सी धारा "अपराधों का शमन" से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 320 (b) धारा 350 (c) धारा 360 (d) धारा 359

**54.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की निम्नलिखित धाराओं में से कौन एक "अपीलीय न्यायालय की शक्तियों" से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 384 (b) धारा 386 (c) धारा 390 (d) धारा 427

**55.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की किस धारा में गिरफ्तार व्यक्ति की शिनाख़्त का प्रावधान है ?
(a) धारा 50 (b) धारा 51 (c) धारा 54 (d) धारा 55

**56.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 129 के अन्तर्गत कौन सा प्राधिकारी आभ्यासिक अपराधियों से सदाचार के लिए प्रतिभूति की माँग कर सकता है ?
(a) न्यायिक मजिस्ट्रेट – प्रथम श्रेणी (b) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
(c) कार्यपालक मजिस्ट्रेट (d) जिला मजिस्ट्रेट

**57.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की किस धारा में कुछ मामलों में अभियुक्त को राज्य के व्यय पर विधिक सहायता का उपबन्ध किया गया है ?
(a) धारा 340 (b) धारा 341 (c) धारा 342 (d) धारा 343

**58.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 का कौन सा अध्याय संक्षिप्त विचारण से सम्बन्धित है ?
(a) अध्याय 20 (b) अध्याय 21 (c) अध्याय 22 (d) अध्याय 23

**59.** कोई भी व्यक्ति हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 के अध्याय-III के तहत भरण-पोषण का दावा करने का हकदार नहीं होगा, यदि :
(a) उसने कोई अपराध किया है ।
(b) वह किसी विदेशी देश में बस गया है ।
(c) वह किसी अन्य धर्म में धर्मान्तरण करके हिन्दू नहीं रह गया है ।
(d) उसे नौकरी से बर्ख़ास्त कर दिया गया है ।

**60.** दायभाग कानून के तहत निम्नलिखित में से कौन सहदायिक संपत्ति के विभाजन को लागू करने का हकदार है ?
(a) प्रत्येक सहदायिक, वयस्क या अवयस्क (b) प्रत्येक सहदायिक, पुरुष या महिला
(c) प्रत्येक वयस्क सहदायिक, पुरुष या महिला (d) प्रत्येक वयस्क पुरुष सहदायिक

**61.** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 का कौन सा अध्याय "सौदा अभिवाक्" से सम्बंधित है ?
(a) अध्याय-20 (b) अध्याय-21 (c) अध्याय-22 (d) अध्याय-23

**62.** Which section of the Hindu Succession Act, 1956 deals with rights of a child in the womb to inherit to the intestate ?
(a) Section 19 (b) Section 22 (c) Section 21 (d) Section 20

**63.** What is the maximum age for the marriage of a male under the Hindu Marriage Act, 1955 at the time of the marriage ?
(a) 18 years (b) 16 years (c) 21 years (d) 25 years

**64.** Which of the following cannot be a ground for Judicial separation under Hindu Law ?
(a) Adultery
(b) Desertion for a continuous period of more than two years
(c) Conversion to another religion
(d) Unsatisfactory behaviour not amounting to cruelty

**65.** What is the maximum period of separation required for filing a divorce suit by mutual consent under Section 13B of Hindu Marriage Act, 1955 ?
(a) 1 year (b) 2 years (c) 3 months (d) 6 months

**66.** Under Hindu Law, which of the following debts are not binding on the sons under the doctrine of pious obligations ?
(a) Debt due to gambling (b) Debt for the family necessity
(c) Debt incurred in a lawful business (d) Debt incurred for religious ceremonies

**67.** Who may be Karta of the Hindu Joint family ?
(a) Son (b) Daughter (c) Father (d) All of the above

**68.** Under Hindu Marriage Act, 1955 marriage solemonised before attaining the age of marriage is :
(a) Only void (b) Only voidable
(c) Neither void nor voidable (d) None of these

**69.** After the amendment of the Hindu Succession Act in 2005, which of the following statements is correct regarding the right of a daughter in a Hindu joint family ?
(a) A daughter has the same rights as a son in the coparcenary property.
(b) A daughter can only be claim a share in the father's self-acquired property.
(c) A daughter cannot be coparcener but can inherit as a class I heir.
(d) A daughter's right to coparcenary property is limited to her marriage portion.

**70.** In Hindu law, who is the natural guardian of a minor's property if the father is alive and converted to another religion ?
(a) The Mother (b) The Paternal grandfather
(c) The Court (d) The father, despite conversion

**71.** Hindu Marriage Act, 1955 applies on which of the following ?
(a) Only on Hindu by religion
(b) Only on person who is Sikh or Jain by religion
(c) Illegitimate child whose parents are Jain by religion
(d) All of the above

**72.** No prosecution under Section 17 of the Hindu Adoption and Maintenance Act, 1956 shall be instituted without the previous sanctions of the :
(a) Central Government (b) State Government
(c) District Magistrate (d) Sub-Divisional Magistrate

**62.** हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की कौन सी धारा गर्भ में पल रहे बच्चे के निर्वसीयत उत्तराधिकार से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 19 (b) धारा 22 (c) धारा 21 (d) धारा 20

**63.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत विवाह के समय पुरुष की न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?
(a) 18 वर्ष (b) 16 वर्ष (c) 21 वर्ष (d) 25 वर्ष

**64.** निम्नलिखित में कौन सा हिन्दू विधि के तहत न्यायिक पृथक्करण का कारण नहीं हो सकता ?
(a) व्यभिचार (जार कर्म)
(b) दो वर्ष या अधिक समय के लिए अभित्यजन
(c) किसी अन्य धर्म को स्वीकार करना
(d) असंतोषप्रद व्यवहार जो क्रूरता की श्रेणी में न आये

**65.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 13B के अर्न्तगत आपसी सहमति द्वारा तलाक के लिए वाद दायर करने के लिए न्यूनतम अलगाव की अवधि क्या है ?
(a) 1 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 3 माह (d) 6 माह

**66.** हिन्दू विधि में विधि में पवित्र दायित्व के सिद्धान्त के तहत पुत्रों पर निम्न में से कौन सा ऋण बाध्यकारी नहीं होगा ?
(a) जुए से उत्पन्न ऋण
(b) पारिवारिक आवश्यकता के लिए ऋण
(c) वैध व्यापार के लिए ऋण
(d) धार्मिक अनुष्ठानों के लिए ऋण

**67.** हिन्दू संयुक्त परिवार का कर्ता कौन हो सकता है ?
(a) पुत्र (b) पुत्री (c) पिता (d) उपरोक्त सभी

**68.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत विवाह की उम्र सीमा को प्राप्त करने से पहले किये गये विवाह ______ हैं।
(a) केवल शून्य
(b) केवल शून्यकरणीय
(c) न तो शून्य न ही शून्यकरणीय
(d) इनमें से कोई नहीं

**69.** 2005 में हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के संशोधन के बाद, हिन्दू संयुक्त परिवार में बेटी के अधिकारों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(a) बेटी को सहदायिकी सम्पत्ति में बेटे के समान अधिकार है।
(b) बेटी केवल पिता की स्वअर्जित सम्पत्ति में हिस्से का दावा कर सकती है।
(c) बेटी सहदायिकी नहीं हो सकती लेकिन वर्ग-1 के उत्तराधिकारी के रूप में उत्तराधिकार प्राप्त कर सकती है।
(d) बेटी का सहदायिकी संपत्ति में अधिकार उसकी शादी के हिस्से तक सीमित है।

**70.** हिन्दू विधि में यदि पिता जीवित है लेकिन उसने दूसरे धर्म में परिवर्तन कर लिया है तो नाबालिग की सम्पत्ति का प्राकृतिक अभिभावक कौन है ?
(a) माता
(b) पितामह
(c) न्यायालय
(d) पिता, परिवर्तन के बावजूद

**71.** हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 निम्नलिखित में से किस पर लागू होता है ?
(a) केवल धर्म से हिन्दू
(b) केवल व्यक्ति जो धर्म से सिक्ख या जैन है।
(c) अधर्मज संतान जिसके माता-पिता धर्म से जैन हैं।
(d) उपरोक्त सभी

**72.** किसकी पूर्व स्वीकृति के बिना हिन्दू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 17 के अन्तर्गत कोई भी अभियोजन नहीं चलाया जायेगा ?
(a) केन्द्र सरकार
(b) राज्य सरकार
(c) जिला मजिस्ट्रेट
(d) सब-डिविज़नल मजिस्ट्रेट

**73.** If the husband drives out his wife and retains her stridhan, then which offence of the following offence has committed ?

(a) Offence of Criminal Breach of Trust

(b) Offence of criminal misappropriation of property

(c) No offence

(d) Offence of mischief

**74.** Within how many days decree be drawn up from the date on which the judgement is pronounced ?

(a) 7 days (b) 30 days (c) 15 days (d) 14 days

**75.** Power to make up deficiency of court fee is defined under which Section of Civil Procedure Code, 1908 ?

(a) Section 148 (b) Section 148-A (c) Section 149 (d) Section 150

**76.** Which of the following is a leading case on constructive Res-Judicata ?

(a) Satyadhyan Ghoshal v. Deorji Debi (b) Handerson v. Handerson

(c) Daryao v. State of U.P. (d) State of U.P. v. Nawab Hussain

**77.** Where the local limits of the jurisdiction of court are uncertain, then the place of institution of the suit shall be decided according to :

(a) Section 17 of the CPC, 1908 (b) Section 18 of the CPC, 1908

(c) Section 19 of the CPC, 1908 (d) Section 20 of the CPC, 1908

**78.** In which of the following writs, the doctrine of res-judicata is not applicable ?

(a) Habeus corpus (b) Certiorari (c) Mandamus (d) Quo warranto

**79.** The concept of 'Set-off' is dealt under

(a) Order 8 Rule 6 (b) Order 8 Rule 6A (c) Order 8 Rule 10 (d) Order 8 Rule 11

**80.** Which of the following order deals with amendment of pleadings ?

(a) Order 6 Rule 16 (b) Order 6 Rule 17 (c) Order 7 Rule 11 (d) Order 8 Rule 11

**81.** Where a person challenges a decree, he shall challenge the same by filing :

(a) Appeal (b) Application

(c) Notice for motion (d) Chamber Summons

**82.** Which section of the Code of Civil Procedure allows the settlement of disputes outside the Court ?

(a) Section 90 (b) Section 91 (c) Section 89 (d) Section 92

**83.** Which section of the following includes the concept of Notional Partition ?

(a) Section 21-A of Special Marriage Act, 1954

(b) Section 36 of the Indian Succession Act, 1925

(c) Section 6 of the Hindu Succession Act, 1956

(d) All of the above

**73.** यदि पति अपनी पत्नी को घर से बाहर कर देता है और उसके स्त्रीधन को रख लेता है, तब निम्नलिखित में से पति ने कौन सा अपराध कारित किया ?

(a) आपराधिक न्यासभंग का अपराध

(b) सम्पत्ति के आपराधिक दुर्विनियोजन का अपराध

(c) कोई अपराध नहीं

(d) रिष्टि का अपराध

**74.** निर्णय दिये जाने के कितने दिनों के अन्दर डिक्री तैयार किया जाना आवश्यक है ?

(a) 7 दिन (b) 30 दिन (c) 15 दिन (d) 14 दिन

**75.** न्यायालय शुल्क की कमी को पूरा करने की शक्ति को सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की किस धारा के अन्तर्गत परिभाषित किया गया है ?

(a) धारा 148 (b) धारा 148-A (c) धारा 149 (d) धारा 150

**76.** निम्नलिखित में से कौन सा रचनात्मक प्राङ्न्याय पर अग्रणी मामला है ?

(a) सत्याध्यान घोषाल बनाम देवरजी देबी (b) हेंडरसन बनाम हेंडरसन

(c) दरयाओ बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (d) उत्तर प्रदेश राज्य बनाम नवाब हुसैन

**77.** जहाँ न्यायालय के अधिकार-क्षेत्र की स्थानीय सीमायें अनिश्चित हों वहाँ मुकदमा दायर करने का स्थान निम्नलिखित के अनुसार तय किया जायेगा :

(a) धारा 17, CPC 1908 (b) धारा 18, CPC 1908

(c) धारा 19, CPC 1908 (d) धारा 20, CPC 1908

**78.** निम्नलिखित में से किस याचिका में पूर्व न्याय का सिद्धान्त लागू नहीं होता है ?

(a) बन्दी प्रत्यक्षीकरण (b) उत्प्रेषण (c) परमादेश (d) अधिकार-पृच्छा

**79.** मुजरा की अवधारणा को निम्नलिखित के अन्तर्गत निपटाया जाता है :

(a) आदेश 8 नियम 6 (b) आदेश 8 नियम 6A (c) आदेश 8 नियम 10 (d) आदेश 8 नियम 11

**80.** निम्नलिखित में से कौन सा आदेश अभिवचन के संशोधन से सम्बन्धित है ?

(a) आदेश 6 नियम 16 (b) आदेश 6 नियम 17 (c) आदेश 7 नियम 11 (d) आदेश 8 नियम 11

**81.** जहाँ कोई व्यक्ति किसी डिक्री को चुनौती देता है, वह उसे निम्न प्रकार से चुनौती देता है :

(a) अपील (b) आवेदन (c) प्रस्ताव की सूचना (d) चेंबर समन

**82.** सिविल प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा न्यायालय के बाहर विवादों के निपटारे की अनुमति देती है ?

(a) धारा 90 (b) धारा 91 (c) धारा 89 (d) धारा 92

**83.** निम्नलिखित में से किस धारा में काल्पनिक विभाजन की संकल्पना अन्तर्निहित है ?

(a) विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 21-क

(b) भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 की धारा 36

(c) हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 6

(d) उपरोक्त सभी

**84.** Which one of the following is not a particular to be contained in a plaint ?
(a) Facts regarding cause of action (b) Relief claimed by the plaintiff
(c) Money claimed by the defendant (d) None of the above

**85.** Which of the following words has not been defined in the Code of Civil Procedure, 1908 ?
(a) Foreign Court (b) Suit (c) Rules (d) Prescribed

**86.** Notice to Garnishee has been given under which provision of CPC, 1908 ?
(a) Rule 46-A of the Order 21 (b) Rule 46-B of the Order 21
(c) Rule 46-C of the Order 21 (d) Rule 46-D of the Order 21

**87.** Under Section 115 of the CPC, 1908 which one of the following is not a ground to consider revision by High Court ?
(a) Where Subordinate Court has exceeded the jurisdiction.
(b) Where Subordinate Court has failed to exercise jurisdiction.
(c) Where there is material irregularity.
(d) Where appeal may lie.

**88.** Which one of the following sections of Code of Civil Procedure, 1908 is related to Interpleader Suit ?
(a) Section 88 (b) Section 89 (c) Section 90 (d) Section 91

**89.** Which one is not a power of Appellate Court under Section 107 of the Code of Civil Procedure, 1908 ?
(a) Power of make rules. (b) To determine a case finally.
(c) To remand a case. (d) To frame issues and refer them for trial.

**90.** Which order of the Code of Civil Procedure, 1908 empowers the indigent person to institute a suit ?
(a) Order XXXIII (b) Order XXXII (c) Order XXXI (d) Order XXXIV

**91.** The court can award the percentage of interest from the date of decree to the date of payment or such earlier date as the court thinks fit. What will be the amount of percentage ?
(a) Nine percent (b) Six percent (c) Ten percent (d) Twelve percent

**92.** Which of the following is matched correctly ?
(a) Pecuniary Jurisdiction - Section 6 of CPC 1908.
(b) Resjudicata – Section 11 of CPC 1908.
(c) Release on the ground of illness - Section 59 of CPC 1908.
(d) All of the above

**93.** Which one of the following sections of Code of Civil Procedure, 1908 is related to "Liability of ancestral property" ?
(a) Section 51 (b) Section 52 (c) Section 53 (d) Section 54

**94.** Which of the following case deals with preliminary decree ?
(a) Moolchand vs. Director, Consolidation only.
(b) Shankar vs. Chandrakant only.
(c) Both (a) and (b) above
(d) Dhirendra Nath vs. Sudhir Chaudhry only.

**84.** निम्नलिखित में से कौन सी विशिष्टियाँ वाद–पत्र में अन्तर्विष्ट नहीं होतीं ?
(a) वाद हेतुक गठित होने का तथ्य
(b) अनुतोष जिसका वादी दावा करता है ।
(c) प्रतिवादी द्वारा माँगा धन
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन सा सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में परिभाषित नहीं किया गया है ?
(a) विदेशी न्यायालय (b) वाद (c) नियम (d) विहित

**86.** गारनिशी को सूचना का प्रावधान सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के किस प्रावधान में दिया गया है ?
(a) आदेश 21 के नियम 46-A में
(b) आदेश 21 के नियम 46-B में
(c) आदेश 21 के नियम 46-C में
(d) आदेश 21 के नियम 46-D में

**87.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 115 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन सा एक उच्च न्यायालय द्वारा पुनरीक्षण में सुने जाने के लिए आधार नहीं है ?
(a) जहाँ अधीनस्थ न्यायालय ने अपने क्षेत्राधिकार को बढ़ा दिया है ।
(b) जहाँ अधीनस्थ न्यायालय अपने क्षेत्राधिकार का प्रयोग करने में विफल रहा है ।
(c) जहाँ तात्विक अनियमितता है ।
(d) जहाँ अपील की जा सकती है ।

**88.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी एक "अन्तराभिवाची वाद" से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 88 (b) धारा 89 (c) धारा 90 (d) धारा 91

**89.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की धारा 107 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सी शक्ति अपीलीय न्यायालय की नहीं है ?
(a) नियम बनाने की शक्ति ।
(b) मामले का अन्तिम रूप से अवधारण करना ।
(c) मामले का प्रतिप्रेषण करना ।
(d) विवाद्यक विरचित करे और उन्हें विचारण के लिये निर्देशित करे ।

**90.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का कौन सा आदेश निर्धन व्यक्ति को वाद संस्थित करने की शक्ति प्रदान करता है ?
(a) आदेश 33 (b) आदेश 32 (c) आदेश 31 (d) आदेश 34

**91.** न्यायालय डिक्री की तारीख से भुगतान की तारीख तक या किसी भी पूर्व तारीख तक, जिसे न्यायालय उचित समझ कर ब्याज का प्रतिशत निर्धारित कर सकता है । प्रतिशत की मात्रा कितनी होगी ?
(a) नौ प्रतिशत (b) छः प्रतिशत (c) दस प्रतिशत (d) बारह प्रतिशत

**92.** इनमें से कौन सा मिलान सही है ?
(a) धन सम्बन्धी अधिकारिता – धारा 6 सि.प्र.सं. 1908
(b) पूर्व न्याय – धारा 11 सि.प्र.सं. 1908
(c) बीमारी के आधार पर निर्मुक्ति – धारा 59 सि.प्र.सं. 1908
(d) उपरोक्त सभी

**93.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी एक "पैतृक सम्पत्ति का दायित्व" से सम्बन्धित है ?
(a) धारा 51 (b) धारा 52 (c) धारा 53 (d) धारा 54

**94.** निम्नलिखित में से कौन सा केस प्रारम्भिक आज्ञप्ति से सम्बन्धित है ?
(a) केवल मूलचन्द बनाम निदेशक, चकबन्दी
(b) केवल शंकर बनाम चन्द्रकान्त
(c) उपर्युक्त (a) और (b) दोनों
(d) केवल धीरेन्द्रनाथ बनाम सुधीर चौधरी

**95.** Which of the following includes in secondary evidence under Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 ?
(a) Oral admission (b) Written admission (c) Certified copy (d) All of the above

**96.** Which section of Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023 has provision for exclusion of evidence of oral agreement ?
(a) Section 91 (b) Section 92 (c) Section 95 (d) Section 97

**97.** The term "Conclusive proof" is defined under which of the following section of BSA, 2023 ?
(a) Section 2(a) (b) Section 2(b) (c) Section 2(c) (d) Section 2(d)

**98.** 'Facts forming part of same transaction' are also called–
(a) Alibi (b) Locus standi (c) Res gestae (d) Ejusdem generis

**99.** Which of the following section of BSA, 2023 ensures the admissibility of an electronic or digital record ?
(a) Section 60 (b) Section 61 (c) Section 62 (d) Section 69

**100.** Which section of BSA, 2023 provides Burden of proof as to ownership ?
(a) Section 114 (b) Section 113 (c) Section 110 (d) Section 111

**101.** Oral Evidence shall in all cases whatever, be direct, if it refers to;
(a) a fact which could be seen.
(b) a fact which could be heard.
